बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर

(खेल विभाग, बिहार सरकार के अधीन एक राज्य विश्वविद्यालय)

पी0आर0 सं0 BSUR/ 37 /2026

सत्र 2026-27 के दौरान BPES / PGDSC / PGDSM में नामांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा जमा करने हेतु तिथि विस्तार संबंधी सूचना

सं0 : BSUR/Admission/.....222...../ 2026 **दिनांक : 28.04.2026**

सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि बिहार खेल विश्वविद्यालय राजगीर में सत्र 2026-27 के लिए निम्नलिखित शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में नामांकन लेने हेतु ऑनलाइन आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर **15.05.2026** कर दिया गया है:

क्र0 सं0	पाठ्यक्रम 2026-27	सीट	पाठ्यक्रम की अवधि	अभियुक्ति
1.	शारीरिक शिक्षा एवं खेल में स्नातक (BPES)	50	4 वर्ष (8 सेमेस्टर)	NEP 2020 के अनुसार
2.	खेल प्रशिक्षण में स्नात्तकोत्तर डिप्लोमा (PGDSC) खेल: एथलेटिक्स / क्रिकेट / कबड्डी / बास्केटबॉल / वॉलीबॉल	100 (प्रत्येक खेल में 20 सीट)	1 वर्ष (2 सेमेस्टर)	खेल विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना के अनुसार बिहार खेल विश्वविद्यालय द्वारा संचालित PGDSC पाठ्यक्रम NSNIS पटियाला, LNIPE ग्वालियर और अन्य खेल संस्थानों के समकक्ष है।
3.	खेल प्रबंधन में स्नात्तकोत्तर डिप्लोमा (PGDSM)	20	1 वर्ष (2 सेमेस्टर)	--

ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ करने की तिथि : **08 अप्रैल 2026**
ऑनलाइन आवेदन जमा करने की विस्तारित तिथि : **15 मई 2026**
ऑनलाइन आवेदन के लिए लिंक : **https://bsur.bihar.gov.in/**
(होमपेज पर **"Admission"** लिंक के तहत **"Online Apply"**)

पात्रता मानदंड, आवेदन कैसे करें, पाठ्यक्रम शुल्क, चयन प्रक्रिया, तिथिवार नामांकन तालिका इत्यादि की जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट (https://bsur.bihar.gov.in/) का अवलोकन किया जा सकता है। उम्मीदवारों को नामांकन संबंधी अद्यतन जानकारी के लिए नियमित रूप से वेबसाइट देखते रहना चाहिए ।

अर्हता मानदंड के अनुपालन एवं नियत तिथि तक अर्हता परीक्षा उतीर्ण होने संबंधी अंक पत्र / उत्तीर्णता प्रमाण पत्र जमा करने की स्थिति में अर्हता परीक्षा में बैठने वाले विद्यार्थी भी आवेदन दे सकते हैं।

नामांकन संबंधी पूछ–ताछ के लिए अभ्यर्थी मोबाईल नं0 9691639627 / 9102380222 / 8210015003 पर कार्य दिवस के दौरान 10.30 बजे पूर्वाह्न से 05.00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क कर सकते हैं।

28/4/26

कुलसचिव
बिहार खेल विश्वविद्यालय, राजगीर